# बीएसजी फिल्म उत्सव

## प्रतियोगिता हेतु दिशानिर्देश

क्या आप बताने के लिए एक कहानी के साथ एक उत्साही वीडियो/फिल्म निर्माता हैं।

तो फिर हम आपसे सुनना चाहते हैं। प्रथम बीएसजी फिल्म उत्सव प्रविष्टिया के लिए खुला है एव हम स्काउटिंग एवं गाइडिंग तथा हमारे युवा किस प्रकार एक बेहतर विश्व के निर्माण में मदद कर रहे हैं इस बारे में आपकी फिल्मों को देखना चाहते हैं।

हम दो श्रेणियों– **लघु फिल्म** (सामुदायिक सेवा/सामुदायिक विकास/सतत विकास लक्ष्य) और **वृत्तचित्र** स्काउटिंग/गाइडिंग कौशल, विभिन्न वर्गों के समारोहों पर फिल्मों की तलाश कर रहे हैं। आप स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स, रेजर्स द्वारा आपदा राहत, वृक्षारोपण, पेयजल सेवा, जल बचाओं, प्लास्टिक प्रयोग को न कहना जैसे कार्यों में मदद करने या उनके द्वारा किए जा रहे सतत विकास लक्ष्यों में उनके योगदान से आप प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। इसका एक मात्र मानदंड यह है कि कहानी का सम्बन्ध स्काउटिंग एवं गाइडिंग से है तथा स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स फिल्म के निर्माण एवं स्क्रीनिंग में शामिल हैं।

### विषय

- बीएसजी फिल्म उत्सव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों को उनके द्वारा हमारे विश्व को एक बेहतर स्थान बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों को बढ़ाने/प्रदर्शित करने का अवसर है।
- यद्यपि एक भी विषय नहीं है, लेकिन फिल्मों में आन्दोलन के लिए स्पष्ट रूप से एक पहचान योग्य कनेक्शन होना चाहिए।
- मार्गदर्शन के माध्यम से विषयों में स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन अथवा लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे सतत विकास लक्ष्यों के कार्यों का क्रियान्वयन, शांति हेतु संवाद तथा महात्मा 150 के सम्बन्ध में उनके द्वारा किये गये कायो को सम्मिलित किया जा सकता है।
- स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स जो आपातकालीन तैयारी प्रतिक्रिया एवं मानवीय वकालत के साथ साथ 21वीं शताब्दी में अपने कार्यों द्वारा तथा स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर के जीवन के माध्यम से समुदायों को सुरक्षित बनाते हैं।

### श्रेणियाँ

बीएसजी फिल्म उत्सव में दो श्रेणियाँ होगी:

- **लघु फिल्म** (सामुदायिक सेवा/सामुदायिक विकास/सतत विकास लक्ष्य)
  लम्बाई: 10–20 मिनट
- **वृत्तचित्र** (स्काउटिंग/गाइडिंग कौशल, विभिन्न वर्गों की सेरेमनी जैसे कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर आदि)
  लम्बाई: 10–15 मनट

### कौन भाग ले सकता है?

- भारतीय नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विदेशी जिले जो संगठन के प्रामाणिक सदस्य है।
- व्यक्तिगत या इकाई स्तर पर भाग लें।
- प्रतियोगिता 18 वर्ष से अधिक उम्र के नॉन–स्काउट्स/गाइड्स के लिए खुली है, लेकिन उन्हें फिल्म को पूरा करने के लिए स्काउट गाइड समूह के साथ सहयोग करना चाहिए।

### वीडियो का शुभारम्भ एवं समापन

प्रतियोगिता 11 सितम्बर, 2020 से खुली हुई है। प्रविष्टि प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर, 2020 है। सभी फिल्मों को परिपत्र में दिए गए लिंक के अनुसार ऑनलाइन गूगल फार्म के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कृपया ऑनलाइन आवेदन पत्र में **गूगल ड्राइव ओपन लिंक**, फिल्म निर्माता को संक्षिप्त जीवनी और इकाई की चार्टर संख्या (जिसे जिला मुख्यालय से प्राप्त किया जा सके), साथ ही साथ आपकी फिल्म का एक छोटा सा सारांश (100 शब्दों से अधिक नहीं) अवश्य सम्मिलित करें।

### भाषा:

फिल्मों का निर्माण किसी भी भाषा में किया जा सकता है, लेकिन अगर वे अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में है तो वीडियो में उनका अंग्रेजी उप–शीर्षक होना चाहिए। आधिकरिक चयन प्रक्रिया में वीडियो उप–शीर्षक के साथ होना चाहिए।

### लघु–सूची, चयन मानदंड और विशेष मान्यताएं

प्रत्येक श्रेणी की लघु फिल्म एवं वृत्तचित्र वीडियो के लिए जूरी आधिकारिक चयन हेतु पाँच फिल्मों का चयन करेगी। शार्ट लिस्ट किए गए वीडियो के निर्माताओं को मूल वीडियो पूर्ण एचडी गुणवत्ता (1920X1080) एमपी4, एमओव्ही में प्रस्तुत करने तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लिए एक 'आथोराइजेशन रिलीज फार्म' पूर्ण करने के लिए कहा जाएगा।

**जूरी**
राष्ट्रीय जूरी में पाँच सदस्य होगे जिनमें से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तीन प्रतिनिधि एवं दो पेशेवर फिल्म निर्माता होग।

**चयन हेतु विचार**
जूरी फिल्मों को उनकी तकनीकी एवं रचनात्मक योग्यता के साथ–साथ स्काउटिंग/गाइडिंग और उसकी गतिविधियों को चित्रित करने के तरीके के आधार पर विचार करेगी। विचार हेतु जिन मुख्य कारणों पर ध्यान दिया जाएगा वे स्टोरीटेंलिग, रचनात्मकता, उत्पादन मूल्य, एवं फिल्मो में स्काउटिंग और गाइडिग का प्रतिनिधित्व तथा प्रभाव होंगे।

**पुरस्कार**
जूरी प्रत्येक श्रेणी के लिए विजेताओं का चयन करेगी। वृत्तचित्र और लघु फिल्म श्रेणियों के विजेता निर्देशकों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम में अपनी फिल्म प्रदर्शित करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। विजेता प्रोडक्शन टीम को विशेष स्काउटिंग मेमोरबिलिया का पैकेज मिलेगा। सभी चयनित फिल्मों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के आधिकारिक चैनलों पर दिखाया जाएगा।

**विशेष ध्यान**
आईपीआर विनियम एवं गोपनीयता अधिनियम के अनुसार एक बच्चे या नाबालिग की छवि को उसके माता पिता की सहमति के बिना उपयोग करना प्रतिबंधित है। बीएसजी फिल्म उत्सव में यदि किसी नाबालिगों को द**र्शा**या जाता है तो सभी प्रवे"ाक उनके माता–पिता या अभिभावकों से उनका अनुमोदन अवश्य प्राप्त कर लें। प्रत्येक निर्देशक लीडर को प्रतियोगिता में प्रवेश करने हेतु संलग्न आथोराइजेशन फार्म पूरा करना होगा प्रपत्र इस बात की पुष्टि करता है कि वीडियो म दिखाई देने वाले बच्चों और युवाओं के माता–पिता या कानूनी अभिभावक इस बात से अवगत है एवं फिल्म में उन्हें दर्शाए जाने के लिए सहमत है। यह निर्देशक या टीम लीडर का भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लिए प्रचारक उद्देश्यों हेतु उनकी फिल्म का उपयोग करने का करार भी है। आथोराइजेशन फार्म के बिना प्रवेश पर विचार नहीं किया जाएगा।

**संगीत एवं साउंडट्रैक**
वीडियो के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी भी साउंडट्रैक या संगीत को रॉयल्टी मुक्त या रॉयल्टी अधिकार भुगतान किया हुआ या मूल प्राधिकरण से होना चाहिए।

**वीडियो भेजने हेतु गूगल लिंक**
https://forms.gle/aU52WHZfono32LPHA

**टीपः– यदि कोई भी दोनों श्रेणियों (लघु फिल्म एवं वृत्तचित्र फिल्म) में भाग लेना चाहता है, तो उन्हें अलग–अलग गूगल फार्म भरकर अपना फिल्म वीडियो भेजना चाहिए।**